# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

सोमवार

20 अप्रैल, 2026

वर्ष 2, अंक 76 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com







# हरनौत में 12 वर्षीय छात्र की दोनों आंख फोड़ने से फैला भारी आक्रोश



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव स्थित मुसहरी टोला से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां गांव के ही 12 वर्षीय छात्र सन्नी कुमार की दोनों आंखें फोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। इस अमानवीय घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश का माहौल है और ग्रामीण दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सन्नी कुमार गांव के ही एक सरकारी विद्यालय में कक्षा आठवीं का छात्र है। उसके पिता श्रावण कुमार तांती मेहनत-मजदूरी कर होटल में काम करते हैं और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सन्नी अपने परिवार में दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा है।

परिजनों ने बताया कि लगभग पंद्रह दिन पहले सन्नी अपने छोटे भाई के साथ खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली सुग्गी देवी के बेटे साहिल को खेल-खेल में आंख में हल्की चोट लग गई थी। इस घटना के बाद से दोनों परिवारों के बीच तनाव और रंजिश की स्थिति बनी हुई थी।

आरोप है कि इसी रंजिश में 17 अप्रैल को सन्नी को अकेला पाकर सुग्गी देवी, उनके पति और अन्य लोगों ने मिलकर बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी दोनों आंखों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल सन्नी को तुरंत बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।



पटना में चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि बच्चे की आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा है और उसकी दृष्टि वापस आने की संभावना नहीं है। इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर वापस गांव लौट आए। रविवार दोपहर जब परिजन सन्नी को लेकर घर पहुंचे तो उसकी हालत देखकर गांव में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

घटना की सूचना मिलने के बाद हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। वहीं ग्रामीण दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# डीएम और एसपी ने विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने को दिए सख्त निर्देश



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को नालंदा जिले में विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिले की शांति व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों तथा प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, अपराध पर अंकुश लगाना और प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करने तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने और लाभार्थियों तक योजनाओं का सही लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला धावा दल के माध्यम से आरटीपीएस केंद्र, सदर अस्पताल, निबंधन कार्यालय, माइनिंग कार्यालय और पीडीएस दुकानों पर छापेमारी कर दलालों और बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जन शिकायतों के लिए आने वाले लोगों को सम्मानपूर्वक बैठाने, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाने, गश्ती व्यवस्था मजबूत करने और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नालंदा में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, शिकायत के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9224 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर गैस रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने और जिले के बैकलॉग को 4.3 से घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश दिया है।

खरमास के बाद वैवाहिक और अन्य आयोजनों की संख्या बढ़ने को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति की भी व्यवस्था की गई है। जिन लोगों के घर शादी या अन्य बड़े कार्यक्रम हैं, वे अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को शादी का कार्ड संलग्न कर आवेदन दे सकते हैं। आवेदन में आवश्यक गैस सिलिंडरों की संख्या और कार्यक्रम में संभावित लोगों की संख्या का उल्लेख करना होगा।

इसके अलावा बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। करीब 1500 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि शेष को जल्द कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर 06112-233168) संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।


## माँ शीतला हॉस्पिटल

"बेहतर संबंध, बेहतर उपचार"

**डॉ० वरुण कुमार शरण**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (एम.यू.)
वरिष्ठ परामर्शदाता
(हृदय एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ)

**डॉ० अरुण कुमार**
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (रांची)
सामान्य शल्य चिकित्सक

**डॉ० रिंकी कुमारी**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

**उपलब्ध सुविधाएँ**


- 24 घंटे आपातकालीन सेवा
- आई.सी.यू. सुविधा
- ओ.पी.डी. एवं आई.पी.डी. सुविधा
- ई.सी.जी. जाँच
- सामान्य प्रसव की विशेष सुविधा
- 1 मेजर एवं 1 माइनर ऑपरेशन थियेटर
- सामान्य वार्ड एवं निजी कक्ष
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा

पता : एन.एच.-20, देवीसराय चौक से 50 गज उत्तर (पश्चिम साइड), बाईपास रोड, बिहार शरीफ, नालंदा (बिहार)

24x7 EMERGENCY SERVICES

संपर्क सूत्र : 7282039277, 74834573

हेल्पलाइन : 9955382941


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101110252504 32E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# परासी गांव में सनकी पति ने पीट-पीटकर पत्नी की हत्या, फैलाई अफवाह



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)।नूरसराय थाना क्षेत्र के परासी गांव में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद लोगों को शक न हो, इसके लिए आरोपी ने सीढ़ी से गिरने की अफवाह फैला दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

मृतका की पहचान परासी गांव निवासी मनीष कुमार उर्फ सूरजभान की 30 वर्षीय पत्नी राखी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आरोपी पति पिछले सात महीनों से जेल में बंद था और करीब 15 दिन पहले ही नाबालिग से छेड़खानी के मामले में जमानत पर जेल से छूटकर घर लौटा था।

मृतका के पिता सिलाव थाना क्षेत्र के करियन्ना गांव निवासी उपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में उन्होंने अपनी पुत्री की शादीमनीष कुमार से की थी। दंपति को चार साल की एक बेटी और ढाई साल का एक बेटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही दामाद मायके वालों से पैसे की मांग करता था और रुपये नहीं देने पर बेटी के साथ मारपीट तथा प्रताड़ना करता था।

शनिवार की देर रात पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि आरोपी ने उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की है और उसकी हालत गंभीर है। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक राखी कुमारी की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि मृतका के पूरे शरीर पर चोट के कई निशान थे।

नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि महिला की पीट-पीटकर हत्या की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# पुआल हटाने के विवाद में फायरिंग, महिला को गोली लगी, हालत गंभीर



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)।नूरसराय थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मिल्कीपर गांव में रविवार की सुबह खेत में रखे पुआल को हटाने के विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और गोलीबारी में बदल गई, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घायल महिला की पहचान तिलक गोप की पत्नी दुलारी देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि गोली उनके पेट में लगी है। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया। इस घटना में उनकी भतीजी भी मारपीट के दौरान घायल हो गई है।

पीड़ित तिलक गोप ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने कई महीनों से उनके खेत में नेवारी (पुआल) रख छोड़ा था। इससे उनकी मूंग की फसल को नुकसान हो रहा था। उन्होंने कई बार पुआल हटाने का अनुरोध किया, लेकिन हर बार बात टाल दी जाती थी।


रविवार सुबह जब उन्होंने फिर से पुआल हटाने की बात कही तो आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर पर पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग कर दी।

मारपीट के दौरान जब तिलक गोप को पीटा जा रहा था, तब उनकी पत्नी दुलारी देवी उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़ीं। इसी दौरान बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जो उनके पेट में जा लगी। घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे।

सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।







## माधव गुरुकुलम बड़ी पहाड़ी में श्रद्धापूर्वक मनाया गया भगवान परशुराम जयंती समारोह



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के बड़ी पहाड़ी स्थित श्री माधव गुरुकुलम् परिसर में रविवार को भगवान परशुराम जयंती समारोह श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विनोद पांडे ने की। समारोह की शुरुआत श्री परमानंद पाठक और श्री कंचन कुमार पांडे द्वारा स्तुति गान से की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जिन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर समाज में धर्म और न्याय की स्थापना की।बताया गया कि सहस्त्रबाहु अर्जुन द्वारा उनके पिता ऋषि जमदग्नि की हत्या कर दी गई थी। पिता की हत्या से व्यथित होकर भगवान परशुराम ने यह संकल्प लिया कि वे संसार को निरंकुश और अन्यायी शासन से मुक्त कराएंगे। शास्त्रों के अनुसार उन्होंने 21 बार अत्याचारी शासन का अंत कर समाज में शांति और धर्म की स्थापना की।

समारोह के दौरान श्री वीरमणि पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, लक्ष्मी नारायण पांडे, संतोष कुमार पांडे, अरुण कुमार पांडे, कंचन कुमार पांडे, सुबोध कुमार पांडे, नीतीश पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, बबलू पांडे और अनिल पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और समाज में धर्म, न्याय और सदाचार की स्थापना की कामना की।

## राजगृह तपोवन में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती महोत्सव



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्री राजगृह तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति की ओर से रविवार को श्री लक्ष्मी नारायण प्रधान मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पंडा समिति के सदस्य शामिल हुए।


कार्यक्रम में अध्यक्ष निरज उपाध्याय, सचिव विकास उपाध्याय, प्रवक्ता सुधीर कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष जीतेन्द्र उपाध्याय और कोषाध्यक्ष ओमकार उपाध्याय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा जदयू युवा प्रदेश नेता आशुतोष कुमार पाण्डेय तथा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष वीपीन झा भी समारोह में शामिल हुए और भगवान परशुराम के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। महोत्सव में वरीय सदस्य सुजीत उपाध्याय, रविराज उपाध्याय, महेश उपाध्याय, सुरेन्द्र उपाध्याय, संदीप उपाध्याय, सुमन उपाध्याय, कौशल उपाध्याय, प्रशांत कुमार उर्फ बादल उपाध्याय और रोहित उपाध्याय सहित पंडा समिति के कई सदस्य तथा बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान परशुराम की जयंती उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाई। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अगले वर्ष भगवान परशुराम की मूर्ति कुंड परिसर में स्थापित की जाएगी और भव्य शोभायात्रा निकालकर जयंती महोत्सव को और भी बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम से समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना की।












# मरसुआ विद्यालय में पूर्व प्रभारी शिक्षक पर अनियमितता के गंभीर आरोप


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बेन प्रखंड अंतर्गत एकसारा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मरसुआ के पूर्व प्रभारी शिक्षक संजय कुमार पर कर्तव्यहीनता और अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संजय कुमार कई वर्षों से अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं, जिससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।


ग्रामीणों के अनुसार इस संबंध में पूर्व में भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है। शिकायत के आधार पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर कतरीसराय के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांच भी कराई गई थी। ग्रामीणों का दावा है कि जांच में आरोप सही पाए जाने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है।

बताया जा रहा है कि करीब आठ महीने पहले विद्यालय में नए प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की गई है, जो संजय कुमार को रास नहीं आ रही है। आरोप है कि वे बच्चों को भड़काकर प्रधानाध्यापक के प्रति आक्रोश पैदा करने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा विद्यालय के दस्तावेजों को बोरों में भरकर घर ले जाने का भी आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की शिकायत पंचायत के मुखिया से भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में नाराजगी है और वे इसे गंभीर लापरवाही मान रहे हैं।

ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिलाधिकारी नालंदा से मामले की निष्पक्ष जांच कर पूर्व प्रभारी शिक्षक संजय कुमार के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।








# अतवलचक गांव में पुलिस छापेमारी में 200 लीटर देशी शराब बरामद



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के अतवलचक गांव में रविवार सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान गांव के खंधा से करीब 200 लीटर देशी शराब बरामद की गई।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अतवलचक गांव के खंधा में अवैध रूप से शराब जमा कर बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

इस टीम में दरोगा बलिन्द्र प्रसाद, प्रभात कुमार, नवीन प्रकाश द्विवेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस टीम ने रविवार सुबह करीब आठ बजे छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से लगभग 200 लीटर देशी शराब बरामद कर उसे जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए।

इस मामले में पुलिस ने छह शराब तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतवलचक गांव सहित आसपास के इलाकों में लगातार अभियान चलाकर शराब के अवैध धंधे पर कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूरो प्लस हॉस्पिटल में मुफ्त जांच शिविर, 150 मरीजों को मिला उपचार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के मंगला स्थान स्थित 57 नंबर पिलर के पास न्यूरो प्लस हॉस्पिटल में रविवार को न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार रंजन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें करीब 150 अक्षम एवं असहाय रोगियों का मुफ्त इलाज और परामर्श किया गया।

डॉ. राजीव कुमार रंजन ने बताया कि शिविर में लगभग पांच से छह हजार रुपये तक की कई महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसमें बीएमडी के माध्यम से हड्डियों की मजबूती की जांच, नसों की जांच तथा ब्लड शुगर की जांच शामिल थी।शिविर के दौरान ब्रेन ट्यूमर, सिर में चोट, लकवा, लगातार सिर दर्द, मिर्गी, दिमाग में पानी भरना, रीढ़ की हड्डी में चोट, स्लिप डिस्क, साइटिका, नसों का सुन्न होना, हाथ-पैर में झनझनाहट, कमर दर्द और गर्दन दर्द जैसे रोगों के मरीजों को समुचित जांच एवं निःशुल्क परामर्श दिया गया।

इलाज कराने पहुंचे मरीजों में डीएसपी से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी हरिवंश प्रसाद, शिवनंदन शर्मा, सर्वोदय नगर निवासी कांति देवी तथा शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि डॉ. राजीव कुमार रंजन मरीजों को पर्याप्त समय देकर बीमारी के हर पहलू को ध्यानपूर्वक समझते हैं और फिर उपचार की सलाह देते हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ. राजीव की यही विशेषता उन्हें अन्य चिकित्सकों से अलग बनाती है। मरीजों ने अस्पताल के स्टाफ के सहयोगी और अनुशासित व्यवहार की भी सराहना की। शिविर में पहुंचे लोगों ने डॉ. राजीव कुमार रंजन की सेवा भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# महिला आरक्षण की राजनीति में दलित-पिछड़े प्रतिनिधित्व पर तेज हुई नई बहस

महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले इस कानून ने सभी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है। इसी सिलसिले में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधी चोट की है। उन्होंने कांग्रेस को गिरगिट तक कह डाला है। मायावती का कहना है कि कांग्रेस दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा चरित्र अपनाती रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि देश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड कभी भरोसेमंद नहीं रहा। मायावती ने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है लेकिन यह महज राजनीतिक मजबूरी है।

मायावती ने अपने पोस्ट में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहते हुए दलितों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करती रही है। समाजवादी पार्टी को भी उन्होंने पिछड़े वर्गों के प्रति उदासीन बताया। बसपा प्रमुख ने चेतावनी दी कि महिला आरक्षण कानून का लाभ एससी एसटी और ओबीसी महिलाओं को मिलना चाहिए अन्यथा यह कानून मात्र दिखावा साबित होगा। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे इन वर्गों की महिलाओं के लिए वास्तविक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस खबर को गहराई से समझने के लिए हमें पहले महिला आरक्षण अधिनियम के संदर्भ को देखना होगा। यह कानून 128 संशोधन विधेयक के रूप में 2023 में पारित हुआ था। लोकसभा राज्यसभा और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान इसमें है। लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद होगा जब परिसीमन होगा। इसी बीच मायावती का यह बयान राजनीतिक दलों के बीच आरक्षण के लाभार्थियों को लेकर हो रही बहस को तेज कर रहा है। बसपा हमेशा से दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वोट बैंक पर निर्भर रही है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण निर्णायक होते हैं वहां यह बयान बसपा की रणनीति का हिस्सा लगता है।

मायावती का कांग्रेस पर गिरगिट कहना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद आरक्षण नीतियों को लागू तो किया लेकिन कई बार इसे कमजोर करने की कोशिश भी की। उदाहरण के तौर पर 1990 के मंडल आयोग की सिफारिशों के समय कांग्रेस ने विरोध किया था। वी पी सिंह की सरकार ने ओबीसी आरक्षण लागू किया तो कांग्रेस ने इसे अदालत में चुनौती दी। मायावती का इशारा इसी ओर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए एससी एसटी को प्रमोशन में आरक्षण देने से कतरा गई। 2006 में प्रमोशन में आरक्षण बिल लाने की कोशिश हुई लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। आज जब महिला आरक्षण आया तो कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी महिलाओं के कोटे की बात कर रही है जो पहले कभी नहीं उठाई। यह राजनीतिक उलटफेर मायावती को चुभ रहा है। भाजपा पर मायावती का हमला भी कम तीखा नहीं है। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल पास कराया लेकिन इसमें एससी एसटी ओबीसी के उप कोटा का जिक्र नहीं है। विपक्ष ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। मायावती का कहना है कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर दलितों के खिलाफ अत्याचारों को नजरअंदाज करती है। उत्तर प्रदेश में बसपा शासनकाल में ने दलितों के लिए कई योजनाएं चलाईं लेकिन अब वे कहती हैं कि भाजपा ने उन सबको उलट दिया। समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने चोट की जो यादव और मुस्लिम वोट पर केंद्रित है। सपा को पिछड़ों का ठेकेदार बताते हुए मायावती ने कहा कि यह दल अन्य पिछड़ों की अनदेखी करता है।

इस बयान का राजनीतिक संदर्भ गहरा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में झटका लगा था। नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद सपा और कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं। बसपा मात्र एक सीट पर सिमट गई। अब 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मायावती जानती हैं कि महिला आरक्षण बहस में दलित महिलाओं का मुद्दा उठाकर वे अपना वोट बैंक मजबूत कर सकती हैं। बसपा का कोर वोटर जाटव समुदाय है जो एससी का बड़ा हिस्सा है। मायावती का यह पोस्ट दलित युवाओं को लामबंद करने का प्रयास है।

कांग्रेस की स्थिति भी कमजोर नहीं है। राहुल गांधी ने हाल ही में जाति जनगणना की मांग उठाई है। वे कहते हैं कि महिला आरक्षण में एससी एसटी ओबीसी का उपकोटा जरूरी है। लेकिन मायावती इसे दिखावा मानती हैं। कांग्रेस का इतिहास देखें तो नेहरू काल में आरक्षण को अस्थायी बताया गया था। इंदिरा गांधी ने इसे मजबूत किया लेकिन सोनिया राज में भी प्रमोशन आरक्षण टला रहा। आज प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और दलित मुद्दों पर बोलती हैं लेकिन मायावती को भरोसा नहीं। गिरगिट वाली टिप्पणी इसी अविश्वास को दर्शाती है।भाजपा का पक्ष भी देखा जाए तो उन्होंने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी सरकार ने एससी एसटी एक्ट को मजबूत किया। लेकिन मायावती के आरोप सत्ता के दुरुपयोग के हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलित अत्याचार के मामले बढ़ने का इल्जाम लगता है। बसपा इसे भुनाने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने भी महिला आरक्षण पर उपकोटा की बात की लेकिन मायावती उन्हें भी निशाने पर ले रही हैं।

महिला आरक्षण का असली सवाल लाभार्थी कौन होंगे। कुल सीटों का एक तिहाई महिलाओं को मिलेगा लेकिन एससी एसटी ओबीसी का अनुपात क्या होगा। संविधान में एससी के लिए 15 प्रतिशत एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। लेकिन विधानसभाओं में यह लागू नहीं होता। लोकसभा में एससी एसटी सीटें आरक्षित हैं लेकिन ओबीसी नहीं। महिला आरक्षण में उपकोटा न होने से सामान्य वर्ग की महिलाओं को फायदा हो सकता है। मायावती इसी डर से चिंतित हैं। वे चाहती हैं कि दलित पिछड़ी महिलाओं को अलग कोटा मिले। इस बहस से देशव्यापी प्रभाव पड़ेगा। बिहार झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जातिगत समीकरण उलट सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार ने ओबीसी सर्वे कराया जो कांग्रेस भाजपा को असहज कर रहा है। मायावती का बयान बहुजन समाज को एकजुट करने का संदेश दे रहा है। बसपा अकेली पार्टी है जो दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को एक मंच देती है। मायावती की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। 1995 में वे पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। 2007 में बसपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन उसके बाद पार्टी का ग्राफ गिरा। 2019 और 2024 में हार ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। अब वे सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। एक्स पर उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा। यह डिजिटल युग की राजनीति का उदाहरण है। कांग्रेस का जवाब क्या होगा। पार्टी ने अभी चुप्पी साधी है लेकिन जल्द बयान आएगा। भाजपा प्रवक्ता भी इसे खारिज करेंगे। सपा ने भी प्रतिक्रिया दी होगी। लेकिन मूल मुद्दा वही है आरक्षण का विस्तार। क्या संसद में संशोधन होगा। क्या ओबीसी को विधानसभा में आरक्षण मिलेगा। ये सवाल 2029 तक गरमाएंगे।

# जहानाबाद में युवक चंदन कुमार ने शुरू किया फ्रॉस्टस केक बेकरी आउटलेट




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। रोजगार की तलाश में जहां आज भी बड़ी संख्या में युवा दिल्ली, मुंबई और गुजरात जैसे महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं, वहीं जहानाबाद के युवा उद्यमी चंदन कुमार ने यह साबित कर दिया है कि अपने जिले में भी व्यापार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। चंदन कुमार ने जहानाबाद में "फ्रॉस्टस केक एंड बेकरी" का नया आउटलेट शुरू कर स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार की नई मिसाल पेश की है।

चंदन कुमार इससे पहले पतंजलि स्टोर और जन औषधि केंद्र का सफल संचालन भी कर चुके हैं। अब उन्होंने अपने अनुभव और मेहनत के दम पर जहानाबाद में बेकरी व्यवसाय की शुरुआत की है। उनके अनुसार गुणवत्ता और ग्राहकों का विश्वास ही किसी भी व्यापार की सबसे बड़ी पूंजी होती है।

उनकी टीम के मैनेजर ने बताया कि ग्राहकों को पूरी तरह ताजा और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। दुकान में लगे टीवी स्क्रीन के माध्यम से ग्राहक यह भी देख सकेंगे कि उनके ऑर्डर का सामान किस तरह तैयार किया जा रहा है। साथ ही डिस्प्ले में रखे गए उत्पादों को 24 घंटे के बाद नष्ट कर दिया जाता है, ताकि ग्राहकों को हमेशा ताजा सामग्री ही मिले।

चंदन कुमार ने बताया कि उनका प्रयास है कि ग्राहकों को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में ग्राहकों की मांग के अनुसार बिना प्याज और लहसुन का समोसा भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे एक बार उपयोग किए गए तेल में ही तैयार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता करने से बेहतर है दुकान बंद करना। उन्होंने लोगों से एक बार उनकी सेवा का अवसर देने की अपील की है।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के कौशल आधारित मूल्यांकन पर शिक्षकों का प्रशिक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में रविवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा निर्धारित नवीन शैक्षिक दृष्टिकोण के अंतर्गत "कौशल आधारित मूल्यांकन" विषय पर एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली से अवगत कराना और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव आशीष रंजन, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात, डॉ. संजय कुमार, गौसिया परवीन, वेन्यू डायरेक्टर डॉ. रवि चंद कुमार तथा एसटीएनसी दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर नालंदा सहोदया क्लस्टर के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में केवल रटकर पढ़ाई करने की प्रवृत्ति से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के वास्तविक ज्ञान, कौशल और विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित मूल्यांकन प्रणाली विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए तैयार नहीं करती, बल्कि उन्हें जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में समस्याओं का समाधान करने योग्य बनाती है।प्रशिक्षण सत्र के दौरान सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन मिसेज रुबीना निशात ने कौशल आधारित मूल्यांकन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में छात्रों की केवल जानकारी को नहीं, बल्कि उस ज्ञान के प्रयोग, समस्या समाधान क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन तथा वास्तविक जीवन में सीखने की क्षमता को भी परखा जाता है।

प्रशिक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर




विस्तार से चर्चा की गई। इनमें पारंपरिक परीक्षा प्रणाली से कौशल आधारित मूल्यांकन की ओर बदलाव, स्रोत आधारित प्रश्नों और अनुप्रयोग आधारित प्रश्नों का निर्माण, फॉर्मेटिव असेसमेंट तथा निरंतर मूल्यांकन की भूमिका प्रमुख रूप से शामिल थे। इसके साथ ही विद्यार्थियों में 21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल जैसे क्रिटिकल थिंकिंग और समस्या समाधान क्षमता के विकास पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। समूह गतिविधियों, प्रश्न निर्माण और प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और नए शिक्षण तरीकों पर चर्चा की। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन प्रणाली की बेहतर समझ प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के अंत में वेन्यू डायरेक्टर डॉ. रवि चंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होती है और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलता है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डैफोडिल पब्लिक स्कूल, सदर आलम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहारशरीफ तथा मोहनपुर के कुल 165 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।



# ग्लोबल आइकन अवार्ड समारोह में शिक्षकों का सम्मान, शिक्षा सुधार का संकल्प लिया गया




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचिवर्स के सौजन्य से बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में "ग्लोबल आइकन अवार्ड 2026" का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नालंदा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की निदेशक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति, डॉ. अशोक गगन तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिव्या ज्योति ने कहा कि नालंदा की धरती केवल ज्ञान की भूमि ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना का भी केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज अब केवल दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए वित्त रहित शिक्षकों के सम्मान, नियमितीकरण और आर्थिक सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें जनसमर्थन मिला तो समान कार्य के लिए समान वेतन, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पारदर्शी प्रोन्नति एवं स्थानांतरण नीति, निजी और सरकारी शिक्षकों के लिए समान अवसर तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान चाणक्य फाउंडेशन ग्रुप



ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शिक्षकों के बच्चों के लिए 30 प्रतिशत फीस छूट की घोषणा भी की गई।इस अवसर पर डॉ. अशोक गगन ने कहा कि नालंदा जैसी ऐतिहासिक भूमि से शिक्षा सुधार का संकल्प लेना पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शिक्षकों और प्राचार्यों को एकेडमिक एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड, एडुकेटर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड, नेशन बिल्डर अवार्ड तथा विद्या ज्योति अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार ने किया तथा मंच समन्वयक के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. अंजनी कुमार सुमन, अजय कुमार, डॉ. अर्जुन सिन्हा, अजिता पांडेय, डॉ. गुड़िया झा, तूलिका शांडिल्य, चंदन सिंह, रिंचु सिंह, अमरेंद्र पासवान, प्रभात शर्मा, मुकेश सिंहा, पंकज कुमार, ई. आशीष सिन्हा, ई. धीरज कुमार, दिलीप शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।






# पर्यटकों के लिए राजगीर जू सफारी में आधुनिक सोविनियर शॉप शुरू




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पर्यटकों के अनुभव को और अधिक समृद्ध एवं यादगार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजगीर जू सफारी परिसर में अत्याधुनिक स्मृति चिन्ह (सोविनियर) शॉप का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस नई सुविधा का उद्घाटन राजगीर जू सफारी के निदेशक श्री रामसुंदर एम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निदेशक श्री रामसुंदर एम ने कहा कि यह सोविनियर शॉप पर्यटकों को उनके रोमांचक वन्यजीव सफारी अनुभव की यादों को सहेजकर रखने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राजगीर जू सफारी केवल वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण शिक्षा का केंद्र ही नहीं है, बल्कि यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर और समग्र अनुभव प्रदान करना भी प्रबंधन की प्राथमिकता है। सोविनियर शॉप की शुरुआत इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर की गई है।

नई सोविनियर शॉप में वन्यजीव थीम पर आधारित विभिन्न आकर्षक उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें हस्तशिल्प वस्तुएं, परिधान, उपयोगी दैनिक सामग्री तथा स्थानीय कला और संस्कृति से प्रेरित स्मृति चिन्ह शामिल हैं। इन उत्पादों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों और स्वदेशी उत्पादों को भी प्रोत्साहन देने का प्रयास किया गया है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान राजगीर जू सफारी के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण बताया। जू सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सफारी भ्रमण के दौरान सोविनियर शॉप का भी अवश्य अवलोकन करें और अपने अनुभव को यादगार बनाने के लिए स्मृति चिन्हों का संग्रह करें।

# कड़ाह बाजार में पैन से नवजात का शव मिला, इलाके में सनसनी

राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। सिलाव थाना क्षेत्र के कड़ाह बाजार स्थित कब्रिस्तान के पीछे रविवार को पानी भरे एक पैन (गड्ढे) में नवजात बच्चे का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।

स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सिलाव थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पानी भरे गड्ढे से नवजात के शव को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। कुछ स्थानीय लोग इसे भ्रूण हत्या से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं कुछ लोगों का कहना है कि अवैध तरीके से गर्भपात कराने वाले झोलाछाप चिकित्सकों की गतिविधियों पर भी सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल देखा जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।




# बिहारशरीफ में सुलेखा कुमारी के आवास पहुंचे आरसीपी सिंह, पूजा में हुए शामिल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व आईएएस एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) रविवार को बिहारशरीफ पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व जिला महासचिव नालंदा सुलेखा कुमारी के आवास पर आयोजित पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान आरसीपी सिंह ने पूजा-अर्चना में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उनके आगमन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र देकर उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनसे मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और उनसे संगठन एवं क्षेत्रीय विकास को लेकर भी चर्चा की।

इस अवसर पर संजय कुमार सिन्हा,बबलू गुप्ता, गुड्डू कुमार, प्रगति आनंद, पूर्व जिला अध्यक्ष खुशबू सिंह, सुलेखा कुमारी, विपिन कुमार, विपिन कुमार यादव, सरवन शर्मा, रवि नंदन प्रसाद सिंह, अरविंद कुमार सिंह, गौरव पंडित, चिंटू साव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने आरसीपी सिंह का अभिनंदन करते हुए उनके नेतृत्व और अनुभव की सराहना की। वहीं आरसीपी सिंह ने भी सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और संगठन की मजबूती के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।

पूजा कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों के बीच आपसी संवाद का दौर भी चला, जिसमें सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर क्षेत्र के विकास और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सुंदरपुर में चंडी महायज्ञ कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में आयोजित श्री श्री 1008 श्री चंडी महायज्ञ सह महारानी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर जय माता दी के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कलश यात्रा में कुल 1111 महिलाओं और कन्याओं ने भाग लिया तथा सिर पर कलश उठाकर यज्ञस्थल तक शोभायात्रा में शामिल हुईं। कलश के लिए पवित्र जल लालबिगहा स्थित सूर्य मंदिर के तालाब से लाया गया। विधि-विधान के साथ इस जल को यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जयकारे लगाते और भक्ति गीत गाते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया।

आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि यह नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान अखिल भारतीय महामंडलेश्वर श्री अंतर्यामी शरण जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। इस दौरान प्रसिद्ध कथावाचक अनिल जी महाराज बाल व्यास जी और देवी नेहा सरस्वती जी द्वारा प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त स्वामी चितरंजन लाल शर्मा तथा श्री बज्र कला केंद्र रासलीला मंडली द्वारा भगवान वासुदेव के बाल स्वरूप की आकर्षक प्रस्तुति भी दी जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन स्थल पर चौबीसों घंटे भंडारे की व्यवस्था की गई है। महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में आस्था और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# राजगीर में निरंकारी सत्संग, सतगुरु संदेश से भक्तों में आध्यात्मिक जागृति




राजगीर (अपना नालंदा)। संत निरंकारी मिशन ब्रांच राजगीर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में किया गया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और आध्यात्मिक प्रवचनों को सुनकर लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान "एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ" का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर गुरु गद्दी से संबोधित करते हुए सूर्यमणि बहन जी ने कहा कि समय के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज रहबर के रूप में धरती पर अवतरित होकर मानव समाज को सही मार्ग दिखा रही हैं। उन्होंने कहा कि मानव मिट्टी का पुतला है और परमपिता परमात्मा ने हमें इस संसार में कर्म करने के लिए भेजा है। इसलिए मनुष्य को अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि "कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करिए तस ही फल चाखा।" उन्होंने कहा कि यह संसार कर्म प्रधान है, लेकिन लोगों ने इसे धर्म प्रधान बना दिया है, जो उचित नहीं है। मनुष्य को अच्छे कर्मों के माध्यम से ही जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

सत्संग में ब्रांच के मुखी रामविलास प्रसाद, सेवादल संचालक भीम चौधरी, संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता, कैशियर नंदू महात्मा, सेवादल की बेबी बहन, रमेश कुमार पान, मुकेश कुमार, रेखा बहन, निर्मला बहन, भोला महात्मा, फूटो बहन, लक्ष्मी देवी, ममता देवी, रीता बहन तथा सौरभ महात्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सभी श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लेकर आध्यात्मिक संदेश को आत्मसात किया और मानवता, प्रेम तथा भाईचारे के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु आइडिया संस्था का द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के उद्देश्य से जस्ट राइट्स चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन आइडिया संस्था द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में फैली इस कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करना और बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना था।

अभियान के तहत संस्था के सदस्यों ने गांव-गांव तथा शहरी इलाकों में जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि कम उम्र में विवाह करने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही यह उनके शिक्षा के अधिकार और उज्ज्वल भविष्य को भी प्रभावित करता है।

अक्षय तृतीया के अवसर पर कई मंदिरों और ऐसे स्थानों पर विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया, जहां विवाह संबंधी कार्यक्रम अधिक होते हैं। इस दौरान लोगों से बाल विवाह रोकथाम के लिए सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध मामले की जानकारी प्रशासन को देने की अपील की गई।

इस अभियान में नालंदा के पूर्व एमएलसी प्रतिनिधि राजेश कुमार यादव उर्फ राजू यादव भी शामिल हुए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

कार्यक्रम में आइडिया संस्था के सदस्य मंटू कुमार, उज्ज्वल कुमार, अश्विनी, सुशीला देवी और विनोद पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे। कई गांवों में कैंडल मार्च निकालकर भी लोगों को जागरूक किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के हर वर्ग के सहयोग से ही इस कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है।

# थरथरी थाना के पास तेज रफ्तार टोटो की टक्कर से महिला घायल

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी बाजार निवासी अशोक गुप्ता की पत्नी किरण देवी रविवार सुबह रोज की तरह टहलने के लिए घर से निकली थीं। वह स्थानीय लोगों के साथ सड़क किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान थरथरी थाना के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार टोटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। साथ में टहल रहे लोगों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल किरण देवी को तुरंत इलाज के लिए थरथरी के एक निजी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें बिहारशरीफ स्थित जीवन ज्योति अस्पताल भेज दिया गया।परिजनों के अनुसार अस्पताल में जांच के बाद भी उनकी हालत चिंताजनक बनी रही, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद टोटो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थरथरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और टोटो को जब्त कर लिया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। वहीं घायल किरण देवी की हालत अभी भी चिंताजनक बताई जा रही है।

# हिलसा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



हिलसा (अपना नालंदा)। रविवार को हिलसा स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार पाण्डेय ने समाज की एकता और संगठन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में परशुराम वंशजों का संगठित होना अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज एकजुट नहीं होगा तो उसके सामाजिक अस्तित्व पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ रही विभिन्न घटनाएं यह संकेत देती हैं कि संगठित रहकर ही उनका उचित प्रतिकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन संयोगानंद पाठक ने किया। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से आपसी एकता बनाए रखने और सामाजिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता सौरभ प्रकाश, दिलीप पांडेय, नीरज प्रियदर्शी, मदन शर्मा, अधिवक्ता गौरव प्रकाश, अधिवक्ता अभय कुमार, अधिवक्ता रामनिवास शर्मा, अधिवक्ता शशीचंद्र पांडेय, ब्रजकिशोर पाठक, चंद्रभूषण पांडेय, अंजनी पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, मदन कुमार, प्रकाश तिवारी, निशांत तिवारी, रंजय तिवारी, आशुतोष कुमार पांडेय, गौरी जी, वार्ड पार्षद शैलेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा, विष्णु कुमार, जनार्दन शर्मा, अजय शंकर, अंशु पांडेय, रमेश कुमार मोदगल, पुटुश पांडेय तथा सुजय शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।



# महिला आरक्षण विधेयक नहीं पास होना लोकतंत्र का काला दिन: सम्राट चौधरी



पटना (अपना नालंदा)। लोकसभा में बहुचर्चित महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे लोकतंत्र का काला दिन बताया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के साथ धोखा हुआ है और आरक्षण का अपमान हुआ है। रविवार को पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, राजद समेत सभी विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि विपक्ष की सोच हमेशा से रही है कि उनके घर की बहन-बेटी तो सांसद बन जाए, लेकिन गरीब परिवार की महिलाओं को संसद तक पहुंचने का मौका नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक का विरोध कर विपक्षी दलों ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता तो बिहार विधानसभा में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या 29 से बढ़कर लगभग 122 हो जाती, जबकि संसद में कुल सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाती, जिनमें 216 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होतीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संसद की सीटों को बढ़ाने और महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में प्रयास कर रही थी, लेकिन कांग्रेस, राजद, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसे विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि एनडीए इस मुद्दे को लेकर देशभर में अभियान चलाएगा और विपक्ष से जवाब मांगेगा कि गरीब परिवार की बेटियां कब संसद तक पहुंचेंगी।प्रेस वार्ता में राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, पूर्व मंत्री लेसी सिंह, विधायक स्नेहलता कुशवाहा, ज्योति देवी, शोभा सिन्हा पासवान, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, निवेदिता सिंह, विधायक संगीता कुमारी, महापौर सीता साहू, जिला परिषद अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, महिला आयोग की अध्यक्ष सजल झा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान और प्रीति शेखर सहित कई महिला जनप्रतिनिधि उपस्थित रहीं।

# संगठन मजबूती और जनकल्याण योजनाओं की निगरानी पर निशांत कुमार का जोर



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में पार्टी के वरिष्ठ नेता निशांत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्णिया और भागलपुर प्रमंडल के अंतर्गत किशनगंज, पूर्णिया, पूर्णिया नगर, कटिहार, कटिहार नगर, अररिया, भागलपुर, भागलपुर नगर तथा बांका जिलों के जिलाध्यक्षों और संबंधित प्रखंड अध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधीजी', अनिल कुमार, डॉ. अमरदीप तथा वासुदेव कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर निशांत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी और संगठन के कार्यों को मजबूती के साथआगे बढ़ाना है। उन्होंने विशेष रूप से गरीब, दलित, पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के लिए चलाई जा रही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सतत निगरानी पर बल दिया, ताकि इनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिससे पुलिस थानों, वाहनों और बल की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। साथ ही पंचायती राज और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत तथा सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर उनकी भागीदारी को सशक्त बनाया गया है।

अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि नीतीश कुमार के विकास कार्यों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाएं।

# नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन के विस्तार की योजना, नई इकाई प्रस्तावित




पटना (अपना नालंदा)। औरंगाबाद जिले के नबीनगर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) के सुपर थर्मल पावर स्टेशन के विस्तार की योजना बनाई जा रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने परियोजना परिसर स्थित आनंदा सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 800 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता की एक नई इकाई स्थापित करने को लेकर प्रारंभिक रिपोर्ट सकारात्मक है और इसके लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित इकाई के लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि परियोजना परिसर में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। नई इकाई स्थापित होने के बाद नबीनगर परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1000 मेगावाट से बढ़कर 1800 मेगावाट हो जाएगी।श्री देहुरी ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में बीआरबीसीएल को 400 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ हुआ है और एनटीपीसी लिमिटेड तथा भारतीय रेल को 250 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश दिया जा चुका है। वर्तमान में परियोजना से 100 मेगावाट बिजली बिहार को और 900 मेगावाट बिजली भारतीय रेल को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि बीआरबीसीएल सामाजिक दायित्वों के तहत परियोजना प्रभावित गांवों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और बालिका सशक्तिकरण से जुड़े कई विकास कार्य कर रही है। इसके अलावा सोलर हाईमास्ट लाइट, डायग्नोस्टिक सेंटर निर्माण, आईटीआई स्थापना तथा टीबी मरीजों को पोषण किट वितरण जैसे कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

प्रेस वार्ता में महाप्रबंधक (ओ एंड एम) एस.के. सुधाकर तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने देशरत्न मार्ग आवास पर उमड़ी भीड़



पटना (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात करने के लिए रविवार को 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में लोगों का तांता लगा रहा। जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने पहुंचे और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी आगंतुकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री से मिलने के लिए आम लोगों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री आवास पहुंचते रहे, जिससे पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आम लोग उनसे मिलने पहुंचे। इस अवसर पर विधायक, विधान पार्षद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद समेत विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी लोगों की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे बिहार के विकास तथा लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।मुख्यमंत्री से मिलने आए लोगों ने भी उनसे मुलाकात को लेकर खुशी जाहिर की और राज्य के विकास के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री के साथ आत्मीय मुलाकात से लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# तालिमी मरकज संघ के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा मांग पत्र



अखिलेंद्र कुमार

पटना (अपना नालंदा)। बिहार राज्य तालिमी मरकज संघ के पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सम्मान स्वरूप "गौरव बिहार" और "गौरव बेगूसराय" का स्मृति चिह्न भेंट किया तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान संघ की ओर से मुख्यमंत्री को एक विस्तृत अभिनंदन पत्र भी सौंपा गया, जिसमें संगठन की गतिविधियों, सामाजिक योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके साथ ही संघ ने तालिमी मरकज से जुड़े कर्मियों की समस्याओं और उनकी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र भी प्रस्तुत किया। इसमें कार्यरत कर्मियों की स्थिति सुधारने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई गई।

शिष्टमंडल में संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहसिन अंसारी, प्रदेश सचिव तारिक अनवर, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोहम्मद अकबर तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद अमजद प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए संगठन की मांगों पर विचार करने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुनने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशील है तथा उचित स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

इसी क्रम में संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर निशांत कुमार से भी मुलाकात की और संगठन से संबंधित समस्याओं व सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। इस पहल की तालिमी मरकज कमिटी नालंदा के शाहिना कैश और मोहम्मद आजाद आलम ने सराहना करते हुए प्रदेश संघ को हर संभव सहयोग देने की बात कही।

# बिहारशरीफ में रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में जांच कराने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए काफी लाभकारी साबित हो रहे हैं। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा और प्रत्येक रविवार को लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी।

शिविर में बिहारशरीफ के कई विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40 लोगों, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार ने 25 लोगों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 40 लोगों तथा फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार ने 70 लोगों की जांच की। वहीं डॉ. रवि कुमार ने 10, डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार और डॉ. रितेश कुमार ने 27 मरीजों का उपचार किया। इसके अलावा 30 लोगों की मधुमेह की जांच भी की गई।

शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार तथा आजीवन सदस्य बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, प्रो. स्वधर्म, प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, डॉ. एस. एम. मुजफ्फर जमाल, शंभू कश्यप, साधु श्रम प्रसाद, अरुण कुमार और संजय कुमार सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के संचालन और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# प्रतापगढ़ में प्रज्ञा तिवारी की दो पुस्तकों का भव्य विमोचन समारोह हुआ आयोजित



प्रतापगढ़ (अपना नालंदा)। जनपद सुल्तानपुर की लोकप्रिय कवयित्री एवं सुप्रसिद्ध लेखिका प्रज्ञा तिवारी की दो पुस्तकों "बाल प्रज्ञा प्रबोधिनी" और "प्रगति पथ" का भव्य विमोचन प्रतापगढ़ शहर के होटल सिद्धार्थ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कवयित्रियों, पत्रकारों तथा गणमान्य लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मीरा तिवारी द्वारा वाणी वंदना से हुई। इस अवसर पर प्रज्ञा तिवारी ने कहा कि उन्होंने सैकड़ों कविताएँ लिखी हैं और धीरे-धीरे उनका प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों का प्रकाशन और विमोचन वरिष्ठ पत्रकार अखिल नारायण सिंह के सहयोग से संभव हो सका। इस दौरान न्यूज़ स्टैंडर्ड समाचार पत्र की ओर से प्रज्ञा तिवारी को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में मीरा तिवारी, पूनम मिश्रा, महाश्वेता राजे सिंह, चांदनी दुबे, डॉ. रंजीता समृद्धि और नाजो नाज ने काव्य पाठ कर लेखिका को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभीकवयित्रियों को शॉल, सम्मान पत्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यू एंजिल्स कॉलेज की प्रबंधिका डॉ. शाहिदा खान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुल्तानपुर की लोकप्रिय कवयित्री प्रतिभा पांडे उपस्थित रहीं। चांदनी दुबे ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। पत्रकार सुमन और न्यूज़ स्टैंडर्ड के संपादक तथा कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ पत्रकार अखिल नारायण सिंह ने आगंतुकों को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह, डॉ. संगम लाल त्रिपाठी 'भंवर', अनिल प्रताप त्रिपाठी 'प्रवात', नियाज प्रतापगढ़ी, वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी, समाजसेवी श्याम शंकर द्विवेदी, संजय द्विवेदी, डॉ. शमीम खान, रामकेवल पुष्पाकर, रिजवान अहमद, मोहम्मद अनीस तथा होटल सिद्धार्थ के मैनेजर संतोष सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन नियाज प्रतापगढ़ी ने किया तथा संचालन प्रेम कुमार त्रिपाठी ने किया। अंत में अनिल प्रताप त्रिपाठी 'प्रवात' ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# लायंस क्लब ऑफ नालंदा के नए सत्र के पदाधिकारियों की घोषणा

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के कागजी मोहल्ला स्थित एक निजी सभागार में रविवार को लायंस क्लब ऑफ नालंदा की आम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार ने की। बैठक में आगामी सत्र 2026-27 को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्व घोषित पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से मनीष कुमार गुप्ता (वकील) को अध्यक्ष, डॉ. राजीव कुमार (चाइल्ड स्पेशलिस्ट) को सचिव तथा दिवाकर कुमार सिंह (एसबीआई एडवाइजर) को कोषाध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर संजय कुमार, सचिव राज रोशन तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार निराला ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को क्लब का पिन एवं बुके देकर सम्मानित किया।बताया गया कि लायंस क्लब का नया सत्र प्रतिवर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, लेकिन नियमानुसार सत्र के सुचारू संचालन के लिए पदाधिकारियों की घोषणा पूर्व में ही कर दी जाती है।



बैठक में जोन चेयरपर्सन रविशंकर कुमार गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन रवि किशोर बरनवाल, डॉ. विरमानी कुमार, विवेक कुमार वर्णवाल, राजकमल प्रसाद, राहुल कांत, मुकेश कुमार मेहता, प्रहलाद कुमार, राकेश कुमार बरनवाल, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार, दीपू जी, मनीष माथुर, रंगेश कुमार शर्मा, मोहम्मद काजाफी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में क्लब सामाजिक सेवा के कार्यों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगा तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

Material Partner: REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen
✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels
✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets
✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar